



## एक नजर में



### चाणक्यपुरी में प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ, शिव महापुराण कथा प्रारंभ

**सीहोर.** चाणक्यपुरी के पिप्पलेश्वर मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई. प्रमुख मांर्गो से होती हुई कलश यात्रा मां राजराजेश्वरी माता मंदिर पहुंची. मां राजराजेश्वरी माता मंदिर समिति द्वारा प. प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में शिव परिवार,शीतला माता व संकट मोचन हनुमानजी महाराज की प्रतिमाओं में प्राण प्रतिष्ठा एवं संगीतमय शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ किया गया. शिवमहापुराण कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा. मंदिर के पूजारी पं.संजय तिवारी, पं. शेलेश तिवारी, पं.अखिलेश शास्त्री, पं.वीरेंद्र शास्त्री, पं.अनमोल शास्त्री द्वारा वैदमंत्र उच्चारित कर शिव परिवार की पूजा अर्चना की गई.



### पढ़ाई लिखाई के साथ खेलना कूदना भी जरूरी: राय

**सीहोर.** शासकीय कन्या कस्तूरबा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय ने कहा कि बच्चों तुम्हारे उज्वल भविष्य की जिम्मेदारी हमारी है. बच्चों अब खेल कर भी माता-पिता गुरुजनों का नाम रोशन किया जा सकता है. प्रतियोगिता में चम्मच दौड़, 100 मीटर रेस, कुर्सी दौड़, खो-खो इका आयोजन किया गया. श्री राय ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया. उक्त कार्यक्रम में नरेश मेवाडा,प्रिंस राठौर, सम्मिलित हुए. अतिथियों का दीपा कीर, आलोक शर्मा, जगदीश मालवीय ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया. आभार प्राचार्य नीना सिंह के द्वारा व्यक्त किया गया.



### स्कूल के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए राज्यमंत्री जायसवाल

**सीहोर.** आईईएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने किया. कार्यक्रम में छात्रों ने प्रतिबिम्ब थीम के तहत रंगारंग एवं मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। छात्रों द्वारा कार्यक्रम में वेलकम डांस, क्लासिकल, वेस्टर्न एवं रेट्रो थीम पर अपनी प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर शिव तांडव, वीर शिवाजी नृत्य, रोबोटिक नृत्य महिला सशक्तिकरण (विश्व कप) एवं ताइक्वांडो की भी प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, श्रीमती अरूणा राय, चांसलर इंजीनियर बीएस यादव, एसडीएम नितिन टाले, प्रो. मनीषा कवठेकर व अन्य अतिथि उपस्थित थे.



### वरिष्ठ समाजसेवी राय ने खिलाड़ियों को भेंट किए ट्रैकसूट

**सीहोर.** यादव समाज के जितेन्द्र यादव ने बताया कि आगामी 5 दिसम्बर से श्री कृष्ण ग्वाला, गवली, यादव समाज के तत्वाधान में थाना ग्राउण्ड एवं हेलीपैड, आगर मालवा में राष्ट्रीय स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित होने जा रहा है. संरक्षक एवं वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय ने यादव समाज क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को ट्रेकसूट भेंट कर शुभकामनाऐं दी है. खिलाड़ियों को विधायक सुदेश राय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सीताराम यादव, जितेन्द्र यादव, जूबेर कुरैशी, अतुल राय, मनीष पटेल, सागर यादव, सुनील राय, समीर नानू आदि ने शुभकामनाऐं प्रेषित की हैं.



### यार नगर में नए पर्यटन स्थल का शुभारंभ

**बुधनी.** प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर यारनगर क्षेत्र में नए पर्यटन स्थल 'यारनगर जंगल रिसोर्ट' का भव्य शुभारंभ किया गया. घने जंगल, पहाड़ी नदी और हरी-भरी वादियों के बीच विकसित इस टूरिस्ट स्पॉट का उद्घाटन मध्यप्रदेश सरकार के राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी (पर्यटन, संस्कृति एवं धर्म न्यास) ने किया .उद्घाटन कार्यक्रम में यारनगर जंगल रिसोर्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुपम शर्मा, डायरेक्टर पुष्कर शर्मा, देवेंद्र शर्मा सहित शर्मा परिवार ने अतिथियों का स्वागत किया. समारोह में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे .कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि यारनगर में इस नए पर्यटन स्थल का विकसित होना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम है. इससे स्थानीय पर्यटन को गति मिलेगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे. उन्होंने कहा कि जंगलों से घिरे इस शांत और सुंदर इलाके की प्राकृतिक खूबसूरती पर्यटकों को आकर्षित करेगी और यह स्थान वन्यजीव प्रेमियों के लिए भी विशेष आकर्षण बन सकता है.

# जमीन विवाद पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

- लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से किया हमला
- दो दर्जन से ज्यादा लोग हुए घायल
- सीमांकन के पुराने मामले से भड़की हिंसा



**छतरपुर, 20 नवम्बर. जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कायन में गुरुवार सुबह जमीन विवाद को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। सुबह करीब 11 बजे खेत पर बोवाई को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते कहासुनी हिंसक रूप ले गई और दोनों ओर से लाठी-डंडे तथा कुल्हाड़ी से हमला शुरू हो गया। मारपीट में करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए, जिनमें कई गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।**

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सभी घायलों को तत्काल छतरपुर जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। अस्पताल परिसर में भी दोनों पक्षों के लोग बड़ी संख्या में पहुंच गए, जिससे वहां भी तनावपूर्ण माहौल बना रहा।

#### पुलिस ने संभाला मोर्चा

गुलगंज पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। यह विवाद लंबे समय से चल रहे जमीनी तनाव का हिस्सा है, जिसे लेकर पहले भी शिकायतें मिली थीं।

#### इलाके में बढ़ाया पुलिस बल

संभावित तनाव को देखते हुए पुलिस ने गांव में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

> **सीमांकन बना विवाद की असली वजह**
>
> पीड़ित संतोष अहिरवार ने बताया कि उनकी जमीन का पिछले वर्ष सीमांकन कराया गया था और वह उसी खेत में फसल भी बो चुके थे। इस वर्ष जब दूसरा पक्ष उसी जगह बोवाई करने पहुंचा और उन्हें रोका गया, तभी विवाद भड़क उठा। संतोष ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर 15 से 20 लोगों ने मिलकर कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर दिया। हमले में मोहन, कलू, छोटू, ब्रजकिशोर, रवेंद्र, सुरेंद्र, बाबू समेत कई लोग शामिल थे। कई घायलों के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।



# वर्ल्ड कप विजेता क्रांति गौड़ का किया सम्मान

- यातायात थाने में आनंदम कार्यक्रम आयोजित
- मुख्य अतिथि क्रांति ने की मेहनत व लगन पर प्रेरक बातें



**छतरपुर, 20 नवम्बर. छतरपुर नगर के यातायात थाने में गुरुवार दोपहर आयोजित पुलिस परिवार प्रशिक्षण 'आनंदम कार्यक्रम' में महिला वर्ल्ड कप विजेता क्रांति गौड़ विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं।**

कार्यक्रम में उनका आगमन दोपहर 12 बजे हुआ, जहां उपस्थित पुलिस परिवार, अधिकारियों और आनंदम विभाग के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्रांति गौड़ ने अपने खेल जीवन, मेहनत, अनुशासन और लगनशीलता के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे निरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प किसी भी लक्ष्य को हासिल करने की कुंजी हैं। उनके प्रोत्साहनपूर्ण संबोधन से पुलिस परिवार की महिलाओं और युवाओं में नया उत्साह देखा गया।

> कार्यक्रम के अंत में पुलिस विभाग और आनंदम टीम की ओर से क्रांति गौड़ को सम्मानित किया गया। इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य पुलिस परिवार को प्रेरणा देना और समाज में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले व्यक्तियों को मंच प्रदान करना है।

### बीएलओ को दी जान से मारने की धमकी

**श्यामपुर.** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे ग्राम रामपलासी के बीएलओ को गांव के एक युवक ने गाली-गलौच करते हुए धमकाया और जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. ग्राम रामपलासी के प्राथमिक शाला के शिक्षक सुनील राय बूथ लेबल आफिसर हैं. वह मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे हैं.

## सड़क किनारे मृत मवेशियों के अवशेष मिले

- आवारा कुत्ते शवों को नोच-खसोट कर खा रहे
- पूरे क्षेत्र में बदबू और सड़ांध फैल रही
- सागर रोड से गुजरने वाले यात्रियों को परेशानी

**छतरपुर, 20 नवम्बर.** छतरपुर तहसील क्षेत्र के ढ़ाडरी गांव के पास स्थित आकाशवाणी स्टेशन के किनारे कई दिनों से मृत पड़े मवेशियों के अवशेषों ने बड़ा स्वास्थ्य संकट खड़ा कर दिया है। सड़क किनारे पड़े इन शवों को आवारा कुत्ते नोच-नोचकर खा रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में असहनीय दुर्गंध फैल रही है। यह दृश्य बीती शाम का है, जब रास्ते से गुजरने वाले लोगों ने इस स्थिति को देखकर नाराजगी जताई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीण, छात्र और सागर जाने वाले यात्री गुजरते हैं, लेकिन सड़क किनारे फैली गंदगी और सड़ांध के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुर्गंध इतनी तेज है कि लोग रास्ते में मुंह ढकने को मजबूर हो जाते हैं।

> ग्रामीणों का आरोप है कि नगर परिषद और पशु विभाग मृत मवेशियों के निस्तारण को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं, जबकि कई बार शिकायतें भी की जा चुकी हैं। मृत पशुओं को समय पर दफनाने या उठाने की व्यवस्था न होने से संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ रहा है।



## सर्दी के साथ तिल-गुड़ वाले फूड आइटमों की मांग बढ़ी

- सर्दियों में गुड़ और तिल के उत्पादों की बिक्री तेजी पर
- तिल चौड़ी के 20 रुपये वाले पैकेट खूब बिक रहे हैं
- 30 रुपये में 250 ग्राम मूंगफली गुड़ पापड़ी उपलब्ध

**छतरपुर, 20 नवम्बर. सर्दी के मौसम की शुरुआत के साथ ही छतरपुर जिले के बाजार तिल, गुड़ और मूंगफली से बने स्वास्थ्यवर्धक फूड आइटमों से सज गए हैं। तिल लड्डू, तिल पापड़ी, गुड़ पापड़ी, पिंड खजूर, लाई पट्टी और मूंगफली जैसे पारंपरिक खाद्य पदार्थ बड़ी मात्रा में बिक रहे हैं। ये सभी गेंहू और तेल की तुलना में अधिक गर्म तासीर वाले और आयरन से भरपूर माने जाते हैं, जिस कारण लोग सर्दियों में इन्हें खासतौर पर पसंद करते हैं।**

बाजारों में तिल से बने उत्पादों की विशेष मांग देखी जा रही है। तिल की रियुड़ी और तिल चौड़ी छोटे-छोटे 20 रुपये वाले पैकेटों में खूब बिक रही हैं। गुड़ और तिल का यह संयोजन शरीर को गर्म रखने के साथ स्वाद भी बढ़ाता है।

> इसके अलावा मूंगफली गुड़ पापड़ी की बिक्री भी तेजी पर है। ठंड के दिनों में लोगों का गुड़ खाने की ओर रुझान बढ़ जाता है, जिसके चलते मूंगफली के स्वाद के साथ गुड़ की मिठास वाली यह पापड़ी बेहद पसंद की जा रही है। बाजार में 250 ग्राम मूंगफली गुड़ पापड़ी 30 रुपये में उपलब्ध है। सर्दियों के लिए खास ये पारंपरिक खाद्य पदार्थ न सिर्फ स्वादिष्ट हैं, बल्कि सेहत के लिए भी किसी टॉनिक से कम नहीं माने जाते।

## छतरपुर में साइबर ठगी से बचाव का बड़ा अभियान

**छतरपुर, 20 नवम्बर.** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाने के लिए अनोखा अभियान चलाया जा रहा है। जिले की एक कलाकार टीम गांव-गांव जाकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर रही है, जिसमें फर्जी कॉल, लॉटरी के लालच, पैसे डबल करने का झांसा और बैंकिंग धोखाधड़ी जैसे बढ़ते अपराधों पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

**नाटक में बताया जा रहा है कि आजकल ठग फोन कर कहते हैं—** 'आपकी लॉटरी लगी है', 'आपके पैसे डबल होंगे', 'हम बैंक से बोल रहे हैं', और इसी बहाने वे लोगों से ओटीपी, आधार नंबर, एटीम डिटेल या मोबाइल जानकारी ले लेते हैं। ग्रामीणों को समझाया गया कि ऐसा करने से उनके खाते पलभर में खाली हो सकते हैं।

नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरूक हो रहे ग्रामीण




अभियान संचालकों का कहना है कि साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और जागरूकता ही इसका सबसे बड़ा बचाव है। 7 दिसंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम को ग्रामीणों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है। लोग कह रहे हैं कि नाटक देखकर उन्हें समझ में आया कि फर्जी कॉल और ऑनलाइन ठगी से कैसे बचा जा सकता है। यह पहल गांवों में साइबर सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बनकर उभर रही है।

> **बैंक अधिकारी भी इस अभियान में शामिल होकर साफ संदेश दे रहे हैं:**
>
> - बैंक कभी भी ओटीपी नहीं मांगता
> - बैंक फोन पर अकाउंट या एटीम डिटेल नहीं लेता
> - कोई भी बैंकिंग काम करवाना हो तो ग्राहक को खुद बैंक जाना पड़ता है

### 12 शराबी चालकों के ड्रायविंग लायसेंस निलंबित

**सीहोर.** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित व व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में यातायात प्रभारी बृजमोहन धाकड़ ने जानकारी दी कि विगत दस माह में यातायात नियमों के उल्लंघन पर 13,821 उल्लंघनकर्ताओं पर 72 लाख 72 हजार 663 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है. इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वाले 12 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं.

## सरपंच बनी मजदूर चलाए मस्टर रोल

**चंदला, 20 नवम्बर. गौरीहार जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कितपुरा में लोग ज्यादातर पलायन होते जा रहे है।**

वहीं सरपंच सुमन प्रजापति मजदूर बनकर कार्य कर रही है, जिनके नाम मस्टर चलाए जा रहे है, जो नियमानुसार लगत है, सरपंच कभी मजदूरी नहीं कर सकते है, लेकिन यहां कुछ मामला कुछ और है, जहां कागजों के अनुसार देखा जा रहा है कि बांध मरम्मत एवं पिचिंग कार्य उमरीखेड़ा तलैया पर 2 दिन मजदूरी की उपस्थिति दिखाई गई




है,और 2 दिन का मस्टर चला कर 25 अगस्त 2025 को 522 रुपए का भुगतान किया गया है, जो कि मस्टर रोल संख्या 10078 है।

ग्रामीण रामबाबू प्रजापति तथा बल्लू प्रजापति कितपुरा निवासी एवं अन्य लोगों ने बताया कि सरपंच सुमन प्रजापति कही भी मजदूरी नहीं करती है, लेकिन उनके खाते में मजदूरी जो डाली गई है वह गलत है, सरपंच भला मजदूरी कैसे कर सकती है वह एक जनप्रतिनिधि है, सरपंच पंचायत का राजा होता है, चाहे वह महिला हो या पुरुष,लेकिन आपको बता दे कि न ही सरपंच सुमन प्रजापति मजदूरी कभी करती है,और न ही उनके पति लवलेश प्रजापति लेकिन मजदूरी दिखाकर पैसे डाले जाते है।

इस मामले में जानकारी लेने के लिए 2 दिन से सीईओ दीपा कोटिस्ताने से संपर्क किया जा रहा है, फोन उठाना बंद कर दिया गया है, जानकारी देने से मुकरते समझ में आ रहे है।

### पॉश कालोनी में एक बार फिर चोरों का आतंक

**सीहोर.** शहर की सुरक्षित व पॉश कालोनी पर चोरों की बुरी निगाह पड़ गई है. दो माह बाद फिर बीती रात चोरों ने एक मकान में वारदात को अंजाम देते हुए 1.80 लाख रुपए की नगदी व अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है.

नगर की क्रिसेंट रेसीडेंसी कालोनी के मकान नं. 155 में रहने वाले मुकेश वाधवानी कुछ दिन पहले तक कालोनी में किराना दुकान संचालित करते थे. लगभग एक माह पूर्व ही वह मकान नं. 155 में शिफ्ट हुए हैं. बताया जाता है कि बीती रात जब परिवार घर में सो रहा था तभी पीछे की दीवार से चोर उनके घर के अंदर दाखिल हुए.

**तापमान गिरावट** | बाहरी इलाकों में छाया घना कोहरा, रबी की फसलों के लिए मौसम अनुकूल

## छतरपुर में बढ़ी ठंड, तापमान 14 डिग्री पहुंचा

**छतरपुर, 20 नवम्बर. गुरुवार सुबह न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि शहर के बाहरी क्षेत्रों में करीब एक किलोमीटर तक घना कोहरा छाया रहा। पिछले कुछ दिनों से तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। रविवार और सोमवार को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री था, जबकि मंगलवार व बुधवार को यह बढ़कर 14 डिग्री तक पहुंच गया।**

मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को न्यूनतम 14 डिग्री और अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने की



संभावना है। हवा की रफ्तार 3 किमी/घंटा और नमी 56% दर्ज की गई। विभाग का अनुमान है कि अगले एक सप्ताह तक आसमान साफ रहेगा, जबकि हल्की धुंध और सुबह-शाम की ठिठुरन जारी रहेगी।

#### रबी फसलों के लिए मौसम लाभकारी

जिले में गेहूं, ज्वार, लाहा, चना और मटर जैसी रबी फसलों की बुवाई लगभग पूरी हो चुकी है। बढ़ती ठंड और सुबह फसलों पर जम रही ओस की बूंदें इन फसलों की पैदावार के लिए फायदेमंद मानी जा रही हैं।

> **लोग गर्म कपड़ों में नजर आए**
>
> तापमान गिरने के साथ ही लोग जैकेट, मफलर, टोपी और दस्ताने पहने दिखाई दे रहे हैं। नौगांव और खजुराहो में शहर की तुलना में ठंड ज्यादा महसूस की गई। नौगांव हर साल कड़ाके की ठंड के लिए जाना जाता है—पिछले वर्ष यहां तापमान 1 डिग्री तक पहुंच गया था।
>
> **विशेषज्ञों की सलाह**
>
> विशेषज्ञों ने ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने, गर्म पेय और पौष्टिक भोजन लेने, सुबह धूप सेंकने, हल्का व्यायाम करने और पर्याप्त नींद लेने की सलाह दी है।